माननीय अध्यक्ष जी, हमारे खाद्य तथा रसद मंत्री श्री एजाज रिजवी साहब का निधन हो गया । इनके प्रति जो हमारे नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता कांग्रेस, (आई), नेता जनता दल, नेता किसान कामगार पार्टी तथा अन्य नेताओं ने जो-जो शोक सम्वेदनायें व्यक्त की हैं मैं उससे अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । श्री एजाज रिजवी इस सदन के खाद्य तथा रसद मंत्री थे । उन्हें हमने नजदीक से देखा था । वे बड़े योग्य और मृदुभाषी थे और जो उनके विचार थे उनको भुलाया नहीं जा सकता है । उन्होंने जीवन भर समाज की सेवा की । एक गरीब परिवार में पैदा होने के बावजूद उनमें बहुत बड़ी योग्यता, सहनशीलता थी और इन गुणों के रहते जो उन्होंने समाज की सेवा की है उसे इतिहास नहीं भुला सकता है । उनके निधन से अपूर्णनीय क्षति हुई है वह जल्दी पूरी नहीं हो सकती है । आज भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के विधायकगण उनकी मृत्यु से काफी दुखी हैं । हम आपसे आग्रह करते हैं कि हमारी तथा हमारे दल की शोक सम्वेदनायें उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

खादी एवं ग्रामीण उद्योग मंत्री (श्री राजाराम पाण्डेय)–

मान्यवर, मैं अपने को नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता जनतान्त्रिक बसपा, नेता जनतान्त्रिक कांग्रेस, नेता किसान कामगार पार्टी, नेता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, नेता जनता दल के विचारों से सम्बद्ध करता हूं । मान्यवर, एजाज साहब से हमारा परिचय बहुत कम समय का था । लेकिन इतने कम समय में उनके अन्दर सहनशीलता, मृदुभाषिता और किसी भी तरह से पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य न करना, पक्ष और विपक्ष की बातों को ध्यान देना यह उनके अन्दर एक बहुत बड़ी खूबी थी । आज हम सब लोगों के बीच में वह नहीं हैं । इनके निधन से उत्तर प्रदेश और सदन को अपूर्णनीय क्षति हुई है । मान्यवर, जनता दल राजाराम पाण्डेय गुट और हमारी शोक संवेदनायें उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

वन मंत्री (श्री रघुवर दयाल वर्मा)–

मान्यवर, माननीय एजाज रिजवी साहब ने अपने जीवन में परिश्रम को और निष्ठा को सोपान का एक मात्र साधन बनाया था । उसी परिश्रम और निष्ठा के भाव जुड़ने से उन्हें कुशल अधिवक्ता के रूप में हाई कोर्ट में लखनऊ बेंच से यहां पर पहुंचने का अवसर दिया । प्रतिभा के धनी रिजवी साहब राजनीति में इतने शिखर पर आये कि उन्हें इस विधान मण्डल में मंत्री के रूप में सुशोभित होने का अवसर मिला । समाज सेवी रिजवी साहब ने हिन्दुस्तान में राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर, राष्ट्रीयता के महत्व को समझते हुए, उसके साथ अपनी निष्ठा को जोड़ते हुए जिस प्रकार धर्म निरपेक्षता के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त करते हुए तथा भारतीय जनता पार्टी के सभी सिद्धान्तों के प्रति उन्होंने जिस प्रकार से राष्ट्रीय भक्ति में अपना जो अभूतपूर्व सहयोग हमारे देश को दिया वह अपने आप में एक ऐसी कृति है जो हमारे देश में हमेशा याद की जाती रहेगी ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

श्रीमन्, मुझे उनके साथ रहने का काफी अवसर मिला । 1991 में वे कल्याण सिंह जी के मंत्रि-मण्डल में मंत्री के रूप में सुशोभित हुए और तब से आज तक अनेक समयों पर मंत्री पद पर रहे । और जिस कुशल नेतृत्व के साथ उन्होंने सेवा की उसे प्रदेशवासी हमेशा याद करेंगे । मान्यवर, उनके निधन पर जो शोकोद्गार माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और विभिन्न दलों के माननीय नेताओं से व्यक्त किये हैं, उससे अपने को, अपने दल को सम्बद्ध करते हुए अनुरोध है कि सही मायने में आज के दिन हम लोग उनकी जो राष्ट्र भक्ति, राष्ट्र प्रेम और धर्म निरपेक्षता के प्रति जो उनके अन्दर लगन और समाज सेवा की क्षमता थी उनसे प्रेरणा लें । आपस में प्रेम और सद्भाव की भावना पिरोना ही मुल्क की आज जरूरत है । मैं अनुरोध करूंगा कि मेरी और मेरे दल की शोक सम्वेदनायें उनके परिवारजनों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री जगदम्बिका पाल–

मान्यवर, माननीय एजाज रिजवी साहब के आकस्मिक निधन पर जो शोकोद्गार माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और सभी दलीय नेताओं ने व्यक्त किये हैं मैं भी अपनी भावनाओं को उनसे सम्बद्ध करते हुए यह निवेदन करना चाहता हूं कि मान्यवर, विश्वास नहीं होता है कि अभी इसी बजट सत्र में एजाज रिजवी साहब इस मंत्रि-परिषद् के मंत्री के रूप में प्रदेश में सार्वजनिक जीवन से जुड़ी हुई ज्वलन्त समस्याओं पर गम्भीरता से उत्तर देते हुए हम लोगों के सवालों का जवाब दे रहे थे । कई बार ऐसे प्रश्न आये गेहूं की खरीददारी से सम्बन्धित प्रश्न था वह बड़ी सहजता से जवाब दे रहे थे । श्रीमन्, आज उनके निधन से न केवल सरकार में या सदन में बल्कि उत्तर प्रदेश के सार्वजनिक जीवन में अपूर्णनीय क्षति हुई है । निःसन्देह वह एक कर्मयोगी व्यक्ति थे और सेल्फमेड मैन थे उन्होंने एक आदर्श प्रस्तुत किया कि छोटा से छोटा कार्य करके एक व्यक्ति एक महान व्यक्ति बन सकता है जिसका उदाहरण अगर कोई थे तो वह एजाज रिजवी साहब थे । एजाज रिजवी साहब के ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद भी, जो एक गरीब व्यक्ति के दिल में दर्द होता है, जो अभाव की कमियां महसूस होती हैं, उस दर्द का मर्म आज भी उनके हृदय में था । जब वह विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित होकर आये थे, तो मेरी उनसे पहली मुलाकात हुई थी, मेरे उनसे जातीय ताल्लुकात हो गये थे, निश्चय ही वह एक अच्छे इन्सान थे, एक अच्छे दोस्त थे। सार्वजनिक जीवन के, व्यक्तिगत जीवन के रिश्तों को वह बखूबी निभाते थे, कई ऐसे उदाहरण हैं, जिन्हें मैं इस समय कहना नहीं चाहता। यदि कोई 2 बजे रात भी उनके यहां चला गया हो और उन्हें न जगाया गया हो तो सुबह वह फोन से माफी मांग लेते थे या खुद जाकर मिलते थे। उनका जो सार्वजनिक जीवन था वह हम जैसे लोगों के लिये तथा आने वाले कार्यकर्ताओं के लिये अनुकरणीय उदारहण होगा और भविष्य के लिये मानदंड साबित होगा। आज उनके परिवार के लिये लखनऊ में रहने के लिए कोई छत नहीं है, मैं गुजारिश करूंगा कि जिस फ्लैट में वह रहते थे, वह उनके परिवार को आप आवंटित करने की कृपा करें तथा सम्मानित सदन के द्वारा जो शोक संवेदनायें व्यक्त की गई है, उनको उनके शोकाकुल परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

*समाज कल्याण, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री (श्री हरीश चन्द्र श्रीवास्तव 'हरीश जी')–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रहे भाई एजाज रिजवी के निधन पर जो शोक संवेदनायें माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय नेता जन०बसपा, माननीय नेता लोक तान्त्रिक कांग्रेस, माननीय नेता राष्ट्रीय कांग्रेस, माननीय नेता किसान कामगार पार्टी, माननीय नेता जनता दल, माननीय नेता कम्युनिस्ट पार्टी, माननीय नेता राष्ट्रीय जनता दल और माननीय जगदम्बिका पाल जी ने प्रकट की हैं, मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं । मान्यवर, मेरे उनके व्यक्तिगत सम्बन्ध थे, इसी नाते आज इस अवसर पर कुछ अवश्य कहना चाहूंगा ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

आत्मा अमर होती है लेकिन इन्सान चला जाता है जो बड़ा कष्टदाई होता है और व्यक्ति के चले जाने का विछोह होता है। उनके शव को कन्धे पर उठाकर जब तख्ते पर रखा तो मैंने उनके चेहरे को खोलकर देखा, मेरे मन में यह आया कि अब न तो हम इनसे बोल पायेंगे न इनको देख पायेंगे, जब मुझ जैसे इन्सान को यह इतना कष्ट दे सकता है तो जो परिवारजन उनके साथ सदा जीवन बिताते आ रहे हैं, उनके लिए कितना कष्टदाई होगा ? मेरी प्रार्थना है कि ईश्वर उनके दुखी परिवारजनों को कष्ट को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। वह एक संस्था के रूप में थे, वह एक गरीब परिवार के भले हों, लेकिन उनकी योग्यता, प्रतिभा ऐसी थी कि हम लोग भी उससे प्रभावित हुए और उनके नजदीक आने का प्रयत्न किया, उन सभी बातों को यहां माननीय नेताओं ने कहा है। उर्दू, हिन्दी, फारसी, अंग्रेजी सभी भाषाओं को समान रूप से बोलने, लिखने की उनमें योग्यता थी, वह एक अच्छे विद्वान थे। उनकी पत्नी लखनऊ विश्वविद्यालय में फारसी की प्रोफेसर हैं तथा उनकी लड़की भी उर्दू विषय की रीडर हैं, इस नाते वह एक शिक्षाविद् परिवार के थे, उनके जाने का सबको दुख है। मान्यवर, नगर पालिका सदस्य के रूप में एक छोटे स्थान से उन्होंने अपना जीवन प्रारम्भ किया था और अपनी योग्यता और सम्पर्क के बल पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के स्थान तक गये वे तीन बार विधान परिषद् के सदस्य रहे उनमें बहुत सी बातें हमने देखी एक विशेष बात जो थी वह राष्ट्र के प्रति समर्पित थे। और पन्थ निरपेक्षता की जितनी चर्चा आज होती है उसमें वह सबसे ऊपर थे। वह मनुष्य को एक जाति के रूप में देखते थे। उनका मानना था कि मनुष्य का किसी पन्थ से नहीं उसके कर्मों से मूल्यांकन किया जाना चाहिए। यही कारण था कि वह बहुत लोकप्रिय बने। आज उनके जाने से सभी को कष्ट होना स्वाभाविक है। मैं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनके शोक संतप्त परिवार को इस महान कष्ट को सहन करने की शक्ति दे। मान्यवर, हमारी शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। मैं उनके प्रति इन शब्दों के साथ शोक संवेदना अर्पित करता हूं।

श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव–

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन, माननीय नेता विपक्ष तथा अन्य नेतागणों एवं अन्य माननीय बन्धुओं ने स्वर्गीय एजाज रिजवी साहब के प्रति जो संवेदना व्यक्त की है मैं उससे अपने को सम्बद्ध करता हूं वह मेरे अभिन्न मित्र थे हम लखनऊ के भाजपा के जितने कार्यकर्ता हैं सबका स्व० एजाज रिजवी साहब से निकट का संबंध था। मैं उन लोगों में से एक हूं जिन्होंने माननीय एजाज रिजवी साहब को चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की स्वतन्त्र पार्टी से निकालकर भारतीय जनसंघ की सदस्यता ग्रहण करायी थी। 1965 में मेरा उनसे निकट का संबंध अधिवक्ता के रूप में आया था। जब मैंने लखनऊ बार की सदस्यता ग्रहण की थी तथा सचिव चुना गया वह भी अधिवक्ता थे हम लोगों का उनसे पारिवारिक संबंध था। जनसंघ में आने के बाद उन्होंने बड़ी निष्ठा और लगन के साथ एक कार्यकर्ता के रूप में सराहनीय कार्य किया। जब वे जनसंघ के सदस्य बने तो उनके गोलागंज स्थित निवास पर अनेक लोगों ने पत्थर फेंके और कहा कि तुम मुसलमान होकर जनसंघ में क्यों गये लेकिन वे इससे विचलित नहीं हुए और पार्टी नहीं छोड़ी और सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में निष्ठा से कार्यरत रहे। जनसंघ/भारतीय जनता पार्टी ने उनकी निष्ठा को देखकर उनको नगर अल्पसंख्यक मोर्चे का अध्यक्ष फिर बाद में अल्पसंख्यक मोर्चे का प्रदेश अध्यक्ष और उसके बाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। वह अल्पसंख्यक समुदाय के एक नेता के रूप में उभर कर आये। वह राष्ट्र भक्त मुसलमान थे जब कभी वे अखबारों में पढ़ते या किसी से सुनते कि भारत माता को डाइन कहा, जब कभी तिरंगा झण्डा जलाया गया अथवा वन्दे मातरम् गीत का विरोध किया गया या कोई राष्ट्र के प्रति अपमानजनक शब्द कहा गया तो उनकी आत्मा कराह उठती थी और वह कहते थे कि ये कौन लोग हैं जो भारत माता को जिसका मतलब मादरेवतन होता है को इस प्रकार कलंकित कर रहे हैं ऐसे लोग किसी के नहीं हो सकते उनमें राष्ट्र प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी थी उनके निधन से लखनऊ ने और भारतीय जनता पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है लखनऊ के लाखों-लाख जनता तथा कार्यकर्ता उनके निधन से शोक-विह्वल हैं। मैं उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और कहना चाहूंगा :–

मिट गये वे साजे हस्ती छेड़ कर,
अब तो बस आवाज ही आवाज है।

श्री अध्यक्ष–

विधान परिषद् के सदस्य तथा प्रदेश के खाद्य मंत्री माननीय एजाज रिजवी का एक सप्ताह पूर्व निधन हो गया। श्री एजाज रिजवी को मैं व्यक्तिगत रूप से अनेक वर्षों से जानता था, एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में, अधिवक्ता के रूप में, एक विधायक के रूप में और प्रदेश के मंत्री के रूप में मैंने उनको कार्य करते देखा है। सत्यनिष्ठा, समर्पण, धर्म निरपेक्षता की भावना ने एक निर्धन परिवार में जन्म लेने के पश्चात् उन्होंने मंत्रिपद सुशोभित किया। एक समर्पित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में मैंने उन्हें जाना और देखा कि उनके अन्दर दल के प्रति पूरी निष्ठा है और इसी से पार्टी ने उन्हें उच्च सम्मान दिया। मुझे एक घटना याद आ रही है। आज से 4 माह पहले उ० प्र० से राष्ट्रकुल संसदीय प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य के रूप में वे मेरे साथ गये थे, कई अन्य सदस्य भी उनमें थे। पेरिस में जब वे थे वहां भारत के लोगों ने भारत के अल्पसंख्यकों के बारे में प्रश्न पूछा था। तो श्री रिजवी जी ने 20 मिनट के अपने भाषण में जिस प्रकार से अल्पसंख्यकों की जो समस्या थी उसके निराकरण का उल्लेख किया और अपना जो मत रखा उससे वहां के लोग बहुत प्रभावित हुए थे और हम लोग भी प्रभावित हुए कि उनके इतने स्पष्ट विचार हैं। उनके निधन से हम सभी को हानि हुई है उत्तर प्रदेश के मंत्री के रूप में जिस प्रकार उन्होंने काम किया वह उल्लेखनीय है। उनके संबंध में माननीय नेता सदन, माननीय नेता विरोधी दल और माननीय अन्य नेताओं ने जो शोकोद्गार व्यक्त किये हैं उनसे मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं और आप सभी की शोक संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचा दूंगा। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को वह शान्ति प्रदान करें और उनके परिवार को इस क्षति को वहन करने की शक्ति प्रदान करें।

(सभी सदस्य दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट मौन खड़े हुए।)

विधान सभा के भूतपूर्व सदस्यगण श्री राम स्वरूप वर्मा, श्री रईसउद्दीन बारिसी तथा श्री अवधेश प्रताप मल्ल के निधन पर शोकोद्गार

मुख्य मंत्री (श्री कल्याण सिंह)–

श्रीमन्, इस सम्मानित सदन के पूर्व सदस्य माननीय राम स्वरूप वर्मा हमारे बीच में नहीं रहे। 19 अगस्त, 1998 को 75 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उनका जन्म कानपुर देहात में 22 अगस्त, 1923 को हुआ था। शिक्षा की दृष्टि से उन्होंने एम०ए०, एल०एल०बी० डिग्री प्राप्त किया था। इस सदन के वह 6 बार सदस्य निर्वाचित हुए–1957, 1967, 1969, 1980, 1989 और 1991 में वह निर्वाचित हुए थे। श्रीमन्, कई बार वह आन्दोलन में जेल भी गये। इस प्रदेश के बहुत ही योग्य वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने काम किया था। वह वर्मा अर्जक संघ के संस्थापक थे। उन्होंने सदैव दलितों, शोषितों, पिछड़ों एवं वंचितों के कल्याण के लिए संघर्ष किया। सामाजिक कार्यकर्ता के नाते वह एक क्रान्तिकारी नेता सिद्ध हुए। समाज की विसंगतियों और विकृतियों के विरुद्ध उन्होंने काम किया और विशेष रूप से समाज में व्याप्त गैर बराबरी विकृति के विरुद्ध वह सदैव उद्वेलित और आन्दोलित रहते थे और जब कभी कमजोर, शोषित लोगों के विरुद्ध अत्याचार देखते थे तो उनका विद्रोही मन एकदम प्रतिक्रिया व्यक्त करता था और यही नहीं उसके अनुसार वह काम भी किया करते थे। उनके उठ जाने से उत्तर प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिक नेता खो दिया और एक ऐसा नेता खो दिया जिसने सामाजिक समता, सामाजिक अन्याय और शोषण के विरुद्ध हमेशा कार्य किया। मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि उनके शोक संतप्त परिवार तक हमारी संवेदना को पहुंचाने की कृपा करें।

श्रीमन्, दूसरे पूर्व सदस्य श्री रईसउद्दीन बारसी का निधन 84 वर्ष की आयु में गत 27 अगस्त, 1998 को हो गया। उनका जन्म 7 जून, 1914 को हुआ था। वह दो बार इस सम्मानित सदन के सदस्य रहे। 1967 में और 1980 में वह सदस्य रहे। वे टाउन एरिया के चेयरमैन और अन्य कई सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारी रहे। उनके निधन से हमने एक कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया है। मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से उनके प्रति हार्दिक शोक सम्वेदना व्यक्त करता हूं, श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि हमारी यह शोक सम्वेदना उनके शोकाकुल परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्रीमन्, एक और पूर्व सदस्य श्री अवधेश प्रताप मल्ल जी का निधन 8 सितम्बर, 1998 को हुआ। उनका जन्म 4 मार्च, 1931 को जनपद देवरिया में हुआ था। वह इस सदन के 4 बार सदस्य निर्वाचित हुए। 1962, 1967, 1969, 1985 में वह इस सदन के सदस्य निर्वाचित हुए थे। कई सामाजिक संस्थाओं से, कई शैक्षिक संस्थाओं से वह जुड़े रहे 1956 में जब छोटी गण्डक में बाढ़ आयी तो उन्होंने अपने जीवन को खतरे में डालकर उन्होंने कई लोगों की जान बचायी और इसके लिए उन्हें 'प्राण रक्षा पदक' से सम्मानित किया गया था। श्रीमन्, उनके निधन से प्रदेश ने एक अच्छा राजनीतिज्ञ, एक अच्छा समाजसेवी खो दिया है। हम उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और आपसे प्रार्थना करते हैं कि हमारी यह शोक सम्वेदनायें उनके शोकाकुल परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

नेता विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

श्रीमन्, स्वर्गीय राम स्वरूप जी वर्मा, स्वर्गीय रईसउद्दीन वारसी और स्वर्गीय अवधेश प्रताप मल्ल जी के निधन के संबंध में जो शोक सम्वेदना माननीय नेता सदन ने प्रस्तुत की हैं मैं अपने को उनसे सम्बद्ध करता हूं। मैं कहना चाहता हूं और इस आधार पर कहना चाहता हूं कि हानि लाभ जीवन मरण, यश अपयश विधि हाथ। इस आधार पर मैं कहना चाहता हूं कि यह जीवन हमारे हाथ में नहीं है। वह परमपिता परमात्मा जिसे हम अज्ञात शक्ति के रूप में पहचानते हैं, मानते हैं उसके हाथ में है। वह इस सांसारिक रंगमंच का मालिक है। उसके जरिये संसार के सारे प्राणी सांसारिक कार्य कलाप में संलग्न रहते हैं। जब तक उसकी इच्छा होती है तब तक वह यहां रहने के लिए अपनी आज्ञा देता है जब उसकी इच्छा होती है कि प्राणी की आवश्यकता इस संसार के लिए नहीं है, उसकी समझ में, हमारी समझ में कुछ भी हो तब वह अपने पास बुला लेता है। श्रीमन्, स्व० राम स्वरूप वर्मा हमारे बीच में आज नहीं हैं वह सदन के 6 बार माननीय सदस्य रहे। सर्व प्रथम 1957 में सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर वह विधायक चुने गये। उनकी विचारधारा गरीब, शोषित, पिछड़ा और दलित को आगे बढ़ाने की सदैव रही और इस विचार धारा को अंजाम देने के लिए अनेक वर्षों तक कार्य किया और कई आन्दोलनों में जेल भी गये। डी०आई०आर० और मीसा में भी निरुद्ध किये गये। हमारे वह पड़ोसी थे कई बार उनसे हमारा विचार विमर्श भी हुआ मैं उस विचार के बारे में मैं यह कह सकता हूं कि उनके विचार ओरिजनल थे किसी से उधार लेकर वह अपनी बात नहीं कहते थे। इसी विचारधारा के आधार पर उन्होंने अर्जक संघ की स्थापना की। कमेरों को अधिकार दिलाने के लिए उनको आगे बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद वह काम करते रहे। हालांकि स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह अपनी बात को अधिक प्रचारित नहीं कर सके। संघर्ष को गति नहीं दे सके लेकिन जो भी उन्होंने प्रयास किया उसने कमेरों को आगे बढ़ाने का काम किया। उनका कहना यह था कि जब तक इस देश के कमेरे आगे नहीं बढ़ेंगे देश और प्रदेश आगे नहीं बढ़ेगा। कमेरों की दुर्दशा जब तक बनी रहेगी तब तक इस प्रदेश की दुर्दशा बनी रहेगी। इस विचार को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने आजीवन प्रयास किया। आज वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन निश्चित तौर से कानपुर देहात के लोग ही नहीं इस प्रदेश के लोग ही नहीं इस देश के लोग इस नाम को पुकारेंगे। इस बात के लिए जरूर नाम लेंगे कि उन्होंने कमेरों को आगे बढ़ाने के लिए जीवन पर्यन्त काम किया। श्री वर्माजी यद्यपि आज हमारे बीच नहीं हैं फिर भी उनके विचार, उनके कार्य, उनके आदर्श हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। उनसे प्रेरणा लेकर हम दलितों, शोषितों, गरीबों को, कमेरों को आगे बढ़ाने का काम करते रहेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी ओर से और

अपने दल की ओर से उनकी स्व० आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनको शाश्वत शान्ति और उनके परिवारीजनों को, वैसे तो जहां तक मुझे जानकारी है उनके बच्चे नहीं हैं फिर भी उनको धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करे और आपसे अनुरोध करूंगा कि हमारे यह विचार उनके परिवारीजनों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

(श्री अध्यक्ष द्वारा नेता बहुजन समाज पार्टी का नाम पुकारे जाने पर वह सदन में उपस्थित नहीं थे ।)

लघु सिंचाई, ग्रामीण अभियन्त्रण मंत्री (श्री मारकण्डेय चन्द)–

मान्यवर, श्री राम स्वरूप वर्मा जी का 19 अगस्त, 1998 को निधन हो गया और इनका जन्म 22 अगस्त, 1923 को कानपुर में हुआ था । वह 1957 में पहली बार सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य के रूप में चुनकर इस विधान सभा में आये थे । इसके बाद वह 1967, 1969, 1980, 1989 तथा 1991 में चुनकर इस विधान सभा में आये । श्री वर्मा जी पिछड़े वर्ग में काफी लोकप्रिय थे और उनके बीच में काम करते थे । उन्होंने अपने कार्यकाल में अर्जक संघ की स्थापना की । उनकी पूरी शक्ति दलित, शोषित तथा पिछड़े वर्ग की सेवा में लगी रहती थी । श्री वर्मा जी अपने जीवन के अन्तिम समय में लखनऊ में पार्क लेन में रहते थे । मुझे प्रायः जब वह सुबह सड़क पर टहलने जाते थे तो अपने पुराने समय में पिछड़े वर्ग के लिए उन्होंने जो काम किये थे उन विषयों पर वह चर्चा किया करते थे । 1980 की विधान सभा में मैं भी इस सदन का सदस्य था, श्री वर्मा जी कुछ ऐसे अपने निजी संकल्प प्रस्तुत किया करते थे, जो विधायकों के आचरण के सम्बन्ध में हुआ करते थे । उनका विचार मितव्ययता की तरफ ज्यादा चिन्तन में लगा रहा था । मुझे याद है कि 1980 में विधायकों को स्वास्थ्य के लिए जो सुविधा मिलती थी और विधायकों को स्थानीय क्रय से जो दवाइयां मिलती थीं, उसे उन्होंने जोड़कर बताया कि एक साल में एक विधायक पर कितना खर्च आता है, उसमें उन्होंने एक बहुत ही अच्छा तथा संतुलित संशोधन प्रस्तुत किया । मुझे स्मरण है कि उसी समय से चिकित्सा भत्ते का संकल्प और नियम इस विधान सभा में पारित हुआ । संविद सरकार में वह वित्त मंत्री थे । इस प्रकार उनका सारा जीवन पिछड़े वर्ग की सेवा में लगा रहा । आज वह हमारे बीच में नहीं हैं । कानपुर और विशेषकर पिछड़े वर्ग के एक अच्छा समाज सेवी के निधन से जो रिक्ति हुई है वह अपूर्णनीय है उनके निधन पर माननीय नेता सदन तथा माननीय प्रतिपक्ष के नेता ने जो संवेदनायें प्रकट की हैं, उससे मैं अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आपसे निवेदन करता हूं कि मेरे और मेरे दल की ये श्रद्धांजलि उनके शोकाकुल परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें । मान्यवर, इस विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य.....

(माननीय सदस्यों के आपस में बातचीत करने पर)

श्री अध्यक्ष–

बहुत दुःख की बात है कि निधन के निदेश हो रहे हैं और आप लोग बातचीत कर रहे हैं । कृपया इस समय शान्त रहें । माननीय मंत्रीगण से अनुरोध है कि कृपया सदस्यों को इस समय शान्त रखें ।

श्री मारकण्डेय चन्द–

मान्यवर, इस विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री रईसउद्दीन वारसी का 27 अगस्त, 1998 को निधन हो गया । उनका जन्म मुरादाबाद में 7 जून, 1914 को हुआ था । वे इस विधान सभा के 67 व 68 में सदस्य थे । वे सहकारिता आन्दोलन से, सहकारिता क्षेत्र के काम से जुड़े हुए थे । जिला सहकारी बैंक मुरादाबाद के संचालक व मार्केटिंग सोसाइटी के अध्यक्ष थे । इस समय उनका निधन ज्योतिबा फूलेनगर में हुआ । अभी कुछ महीने पहले मुरादाबाद में मेरी उनसे मुलाकात हुई थी । आज भी वे ऐसे क्षेत्र के लोगों के विषय में चिन्ता करते थे जो निर्बल वर्ग के थे जिन्हें सहकारी क्षेत्र में विशेष सुविधा की

आवश्यकता थी । उनके निधन से सहकारिता के क्षेत्र में, राजनैतिक क्षेत्र में जो कमी आयी है वह पूरी करना सम्भव नहीं है । मैं नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष द्वारा जो शोक सम्वेदनायें व्यक्त की गयी हैं उससे अपने को सम्बद्ध करता हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि मेरे व मेरे दल की ओर से शोक सम्वेदनायें उनके शोकाकुल परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

मान्यवर, श्री अवधेश प्रसाद मल्ल का निधन 8 सितम्बर, 1998 को हो गया । उनका जन्म 4 मार्च, 1931 को मझौली राज देवरिया में हुआ था । वे मझौली के राजा के नाम से प्रसिद्ध थे किन्तु वे समाजवादी आन्दोलन से जुड़े हुए थे । देवरिया के विख्यात, कर्मठ, समाजसेवी नेता बाबू बेदा सिंह से उनकी अन्तरंगता थी । उनके साथ वे सामजिक आन्दोलन में कार्य करते थे । 1956 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से आने के बाद 1956 में जब भयंकर बाढ़ आयी थी तो उन्होंने कठिन परिश्रम किया था जिसके लिए उन्हें 'प्राण रक्षा पदक' से सम्मानित किया गया था । 'प्राण रक्षा पदक' प्राप्त करने के बाद उनकी रुचि सामाजिक सेवा में और बढ़ गयी । वे सर्वप्रथम 1962 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य चुने गये । 1967, 1969 और 1985 में वे इस विधान सभा के सदस्य थे । आज वे हमारे बीच में नहीं हैं । देवरिया तथा विशेषकर मझौली क्षेत्र के एक ऐसे समाजसेवी के निधन से अपूर्णनीय क्षति हुई है । मान्यवर, नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष ने जो शोक सम्वेदनायें व्यक्त की हैं उससे मैं अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और आपसे आग्रह करता हूं कि मेरे व मेरे दल की ओर से श्रद्धांजलि उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

ऊर्जा मंत्री (श्री नरेश चन्द्र अग्रवाल)–

श्रीमन्, पूर्व सदस्य श्री राम स्वरूप वर्मा, रईसउद्दीन वारसी एवं श्री अवधेश प्रताप मल्ल जी हमारे बीच नहीं रहे । माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और अन्य माननीय नेताओं ने जो शोक सम्वेदनायें व्यक्त की हैं उनसे मैं अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । श्री राम स्वरूप वर्मा 6 बार इस विधान सभा के सदस्य रहे । तीन बार हमें भी मौका मिला उनके साथ इस विधान सभा में रहने का । सामाजिक आन्दोलन में उनकी अग्रणी विचारधारा नई दिशा देती है । समाजवादी आन्दोलन में उनको जेल में सजा या जुर्माना देने को कहा गया उन्होंने जुर्माना अदा नहीं किया सजा काटने का निश्चय किया वह दृढ़ निश्चयी व्यक्ति थे । उन्होंने इस विधान सभा में दलित शोषित लोगों के नेता के रूप में अपने को रखा । इसी तरह रईसउद्दीन वारसी दो बार इस विधान सभा के सदस्य रहे । सन् 1980 में वह प्रथम बार इस विधान सभा के सदस्य चुनकर आये उनकी विचारधारा से हमें भी अवगत होने का मौका मिला । कृषि एवं सहकारिता के क्षेत्र में विशेष रूप से उनकी रुचि थी । तमाम पदों पर आसीन रहने के बाद कोआपरेटिव मार्केटिंग सोसाइटी के अध्यक्ष भी रहे । उनके निधन से कृषि सहकारिता के क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति हुई है । श्री अवधेश प्रताप मल्ल इस विधान सभा के चार बार सदस्य रहे । वह एक साहसी व्यक्ति थे उन्होंने उत्तर प्रदेश को नई दिशा प्रदान की । जिस प्रकार वह गरीबों की सेवा करने में लगे रहे उससे ऐसा लगता था वह अपने को समाज में सेवक के रूप में देखना चाहते थे । उनके निधन से इस प्रदेश में अपूर्णनीय क्षति हुई है । उसको पूरा नहीं किया जा सकता है । आप हमारी तथा हमारे दल की ओर से शोक संवेदनायें तीनों परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री प्रमोद कुमार–

श्री राम स्वरूप वर्मा, श्री रईसउद्दीन वारसी तथा श्री अवधेश प्रताप मल्ल जी के निधन पर माननीय नेता सदन, माननीय नेता विपक्ष तथा अन्य नेताओं ने जो विचार व्यक्त किये हैं उनसे मैं अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । श्री राम स्वरूप वर्मा जी इस प्रदेश के मंत्री भी रहे तथा सन् 1967–69–80–89 तथा 1957 में वह इस विधान सभा के सदस्य रहे 1957 में उन्होंने इस सम्मानित सदन का गौरव बढ़ाया । 6 बार वह इस विधान सभा के सदस्य रहे यह इस बात का गवाह है कि वह अपने क्षेत्र में कितने लोकप्रिय थे । उनके निष्पक्ष विचारों से उनकी निर्भीकता से हमें सदैव प्रेरणा मिलेगी । हम अपनी ओर से तथा अपने दल की ओर से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । श्री रईसउद्दीन वारसी साहब कांग्रेस के टिकट पर मुरादाबाद से चुने गये वह जीवन भर गरीबों की सेवा

में लगे रहे । समाज कल्याण और सहकारिता के क्षेत्र में उनकी सेवायें मुरादाबाद क्षेत्र में याद की जायेंगी । वह इस सम्मानित सदन के चार बार सदस्य रहे । उनके न रहने से जनता को आघात पहुंचा है । उन्होंने शारीरिक रूप से भी स्वयं को समाज सेवा के लिए प्रस्तुत किया गण्डक नदी में बाढ़ आयी तो उनकी सेवा से कई लोगों की जानें बचाई जिससे उनको प्राण-रक्षा पदक से भी सम्मानित किया गया । एक सम्पन्न परिवार में जन्म लेकर भी गरीबों की लड़ाई लड़कर उन्होंने एक उदाहरण पेश किया है । मैं अपनी तरफ से तथा अपने दल की तरफ से श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं । और आपसे यह आग्रह करता हूं कि हमारी तथा हमारे दल की शोक संवेदनायें तीनों शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें ।

श्री समरपाल सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय श्री राम स्वरूप वर्मा जी, श्री रईसउद्दीन वारसी तथा श्री अवधेश प्रताप मल्ल जी के बारे में जो शोक संवेदनायें माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष तथा दूसरे दलों के नेताओं ने प्रकट की हैं मैं उससे अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । माननीय श्री राम स्वरूप वर्मा जी समाजवादी आन्दोलन के नेता थे । वे इस सदन के 6 बार सदस्य रहे, मंत्रि-परिषद् के भी सदस्य रहे और जीवन भर दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए संघर्ष करते रहे । वे एक विचारवान और चिन्तक थे उन्होंने एक अर्जक संघ की स्थापना की थी जिसका उद्देश्य समाज के शोषित वर्ग के लोग, जिनका कि शोषण होता रहा है, उनके लिए संघर्ष करना था और वे उनके लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे । आज वे हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन उनके विचार हमारे साथ हैं और वे सदैव हमें प्रेरणा देते रहें । इसी प्रकार से श्री रईसउद्दीन वारसी दो बार इस सम्मानित सदन के सदस्य रहे । श्री अवधेश प्रताप मल्ल इस सम्मानित सदन के चार बार सदस्य रहे । इन तीनों माननीय सदस्यों के निधन से राजनीतिक और सामाजिक जीवन में जो क्षति हुई हैं वह अपूर्णनीय है । मैं अपनी तरफ से तथा अपने दल की तरफ से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं और आपसे आग्रह करता हूं कि हमारी तथा हमारे दल की शोक सम्वेदनायें उनके शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव–

माननीय अध्यक्ष जी, श्री राम स्वरूप वर्मा, श्री रईसउद्दीन वारसी तथा श्री अवधेश प्रताप मल्ल के निधन पर माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष तथा सभी दलों के माननीय नेताओं द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से मैं अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । माननीय अध्यक्ष जी, श्री राम स्वरूप वर्मा जी न केवल उत्तर प्रदेश के समाजवादी आन्दोलन के क्षेत्र में बल्कि सम्पूर्ण देश के समाजवादी आन्दोलन के क्षेत्र में अगली कतार के नेता थे । वह स्वर्गीय डा० राम मनोहर लोहिया, श्री जय प्रकाश नारायण व आचार्य नरेन्द्र देव के विचारों के वाहक थे । वे इस सदन के 6 बार सदस्य रहे और 1967 में जब संविद की सरकार थी तो उस समय वे तत्कालीन सरकार के वित्त मंत्री थे । श्री राम स्वरूप वर्मा जी सम्पूर्ण जीवन भर समाज परिवर्तन की लड़ाई अपनी पूरी ऊर्जा के साथ लड़ते रहे । उनके मन में शोषित समाज के प्रति पीड़ा थी और वे जीवन भर उनके बीच में अलख जगाकर सामाजिक समरसता की लड़ाई लड़ते रहे । उनका लक्ष्य क्षमता मूलक शोषण मुक्त समाज की स्थापना करना था । उनके निधन से न केवल उत्तर प्रदेश के समाजवादी आन्दोलन को बल्कि सम्पूर्ण देश के समाजवादी आन्दोलन की अपूर्णनीय क्षति हुई है । हम उनकी मृत्यु पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं । श्री रईसउद्दीन वारसी इस सदन के दो बार सदस्य रहे । उनके असामयिक निधन से मुरादाबाद तथा उत्तर प्रदेश के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में जो अपूर्णनीय क्षति हुई है उसकी भरपाई करना मुश्किल है । उनके निधन पर हम अपनी ओर से तथा अपने दल की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं । श्री अवधेश प्रताप मल्ल जी हमारे जनपद के रहने वाले थे । ब्रितानी हुकुमत में मझौली स्टेट इस इलाके में सबसे बड़ी स्टेट थी । मान्यवर, श्री मल्ल जी स्वयं राजा थे । मान्यवर, वे डा० राम मनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण और आचार्य नरेन्द्र देव और स्थानीय स्तर पर गेंदा सिंह जी और उग्रसेन जी के विचारों से काफी प्रभावित होकर समाजवादी दल में सक्रिय हुए तथा उसी के चलते वे पहली बार प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । उसके बाद तीन बार कांग्रेस के टिकट पर इस सदन के सदस्य रहे । राज परिवार के होते हुए भी जीवन भर कमजोर तबके की तरक्की में उन्होंने

अपनी ताकत लगायी । श्री मल्ल जी के आकस्मिक निधन से न केवल देवरिया में बल्कि प्रदेश की राजनीति और समाजसेवा के क्षेत्र में एक शून्यता आयी है । मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि इन दिवंगत आत्माओं के शोक संतप्त परिवारों तक मेरी शोक संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें ।

* श्री राम जग–

मान्यवर, इस सदन के पूर्व सदस्य स्वर्गीय राम स्वरूप वर्मा जी, रईसउद्दीन वारसी साहब और स्वर्गीय अवधेश प्रताप मल्ल इन तीनों पूर्व सदस्यों के निधन से प्रदेश को जो अपूर्णनीय क्षति हुई है और उनके प्रति जो भी सम्वेदना के भाव माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और अन्य माननीय नेताओं ने व्यक्त किये हैं । मैं उनसे अपने को और अपनी पार्टी को सम्बद्ध करता हूं ।

मान्यवर, इन तीनों पूर्व विधायकों के बारे में हमारे साथियों ने बताया इसमें मैं स्वर्गीय श्री राम स्वरूप वर्मा जी को बहुत ही व्यक्तिगत रूप से जानता था उस समय मैं यहां पर एल०एल०बी० का छात्र था । वे अर्जक अखबार निकालते थे मैं वह अखबार पढ़ने जाता था, मैंने उनको नजदीक रहकर देखा । वे उत्तर प्रदेश की एकता के पक्षधर थे बटवारे के पक्षधर नहीं थे वे कहते थे कि प्रदेश का विकास बटवारे से नहीं हो सकता है यदि कोई क्षेत्र किन्ही कारणों से पिछड़ा है तो उसके पिछड़ेपन को दूर किया जाय । वे चाहते थे कि शोषितों, दलितों को अधिकार दिया जाय, भूमि सुधार लागू हो, कमजोर तबके की बेहतरी के लिए योजनायें चलायी जायं । वह आज हमारे बीच नहीं हैं उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी कही जायेगी जो राष्ट्रीय स्तर पर शोषितों, दलितों के अग्रणीय नेता थे । और प्रदेश की एकता राष्ट्रीय एकता के संबंध में अपने विचार लेखों के माध्यम से लिखते रहे । आज हम उनके विचारों से अपने को जोड़ते हुए प्रदेश की एकता को बनाये रखें और बटवारे का कोई काम न करें ।

हमारे दो नेता सोशलिस्ट पार्टी के रहे राज घराने के रहे बाद में कांग्रेस के विधायक के रूप में भी सदन में आये, लेकिन उन्होंने सदैव धर्म निरपेक्षता के सिद्धान्तों और नीतियों के बारे में अपने विचार रखे । उनकी सेवायें जो गरीबों के लिए, मजदूरों के लिए, दलितों के लिए रहीं इतिहास सदैव उनको याद करेगा ।

मान्यवर, इस विधान सभा के पूर्व विधायकों जिनका कि निधन हुआ है उनके निधन से हमारी पार्टी के विधायक और हम लोग दुःखी हैं आपसे निवेदन करते हैं कि हमारी शोक सम्वेदनायें उनके परिवारजन तक पहुंचाने की कृपा करें ।

खादी एवं ग्रामीण उद्योग मंत्री (श्री राजाराम पाण्डेय)–

मान्यवर, पूर्व सदस्य श्री राम स्वरूप वर्मा जी, श्री रईसउद्दीन वारसी तथा श्री अवधेश प्रताप मल्ल जी इस दुनिया में नहीं हैं, उन सभी के निधन पर हम अपनी शोक सम्वेदना प्रकट कर रहे हैं । मैं और मेरी पार्टी माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय नेता राष्ट्रीय कांग्रेस, माननीय नेता जनतान्त्रिक बसपा, माननीय नेता लोक तान्त्रिक कांग्रेस, माननीय नेता किसान कामगार पार्टी, माननीय नेता जनता दल के विचारों से अपने को सम्बद्ध करता हूं । मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूं कि इन तीनों भूतपूर्व दिवंगत सदस्यों के परिवारजनों तक मेरी और मेरी पार्टी की शोक सम्वेदनायें पहुंचाने की कृपा करें ।

वन मंत्री (श्री रघुवर दयाल वर्मा)–

मान्यवर, माननीय नेता सदन तथा माननीय नेता विपक्ष व विभिन्न दल के माननीय नेताओं ने माननीय श्री राम स्वरूप वर्मा, माननीय श्री रईसउद्दीन वारसी तथा माननीय श्री अवधेश प्रताप मल्ल जी के निधन पर जो शोक सम्वेदनायें प्रकट की हैं, उनसे मैं अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । माननीय राम स्वरूप वर्मा जी शुरू में सोशलिस्ट पार्टी से जुड़े, वह एक अच्छे विचारक, विवेकशील,

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

सिद्धान्तों के धनी, लेखनी के धनी, अभूतपूर्व प्रतिभा के व्यक्ति थे । उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक चेतना जगाने के लिए "अर्जक" नामक समाचार-पत्र की स्थापना की, उसके बाद उन्होंने एक राजनीतिक दल का गठन भी किया । वह अत्यन्त योग्य व्यक्ति थे, उनके निधन से अपूर्णनीय क्षति हुई है, मुझे उनके निधन से हार्दिक तकलीफ है । श्री रईसउद्दीन वारसी तथा श्री अवधेश प्रताप मल्ल जी भी बहुत योग्य और विद्वान सदस्य थे । इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मेरी और मेरे दल की शोक सम्वेदनायें उनके शोकाकुल परिवारों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री अध्यक्ष–

इस सदन के तीन भूतपूर्व सम्मानित सदस्यों का निधन पिछले डेढ़ माह में हो गया । श्री राम स्वरूप वर्मा और श्री रईसउद्दीन वारसी का निधन पिछले अगस्त माह में तथा श्री अवधेश प्रताप मल्ल की मृत्यु इसी सितम्बर माह में हो गयी । तीनों माननीय सदस्यों ने समय-समय पर अपने कार्यकाल में इस सदन की, प्रदेश की बहुमूल्य सेवा की । श्री राम स्वरूप वर्मा जी समाजवादी विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध थे, सम्मिलित सरकार में मंत्री भी रहे, पिछड़ों के कल्याण के लिए उन्होंने हमेशा कार्य किया । श्री रईसउद्दीन वारसी पहले कांग्रेस के टिकट पर और उसके बाद जनता एस के टिकट पर इस सदन में चुनकर आये थे, वह टाउन एरिया के चेयरमैन थे, जिला परिषद् के सदस्य थे, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर थे । श्री अवधेश प्रताप मल्ल भी समाजवादी विचारधारा के थे, उनके अन्दर साहस कूट-कूटकर भरा था, इसके लिए उन्हें प्राण रक्षा पदक भी दिया गया था । इन तीनों भूतपूर्व सदस्यों के निधन से हम सभी दुःखी हैं । माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष तथा दूसरे विभिन्न दल के नेताओं ने जो शोकोद्गार इनके निधन के सम्बन्ध में प्रकट किये हैं, मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को शान्ति दे और उनके शोक संतप्त परिवारों को इस कष्ट को सहन करने की शक्ति दे । सबकी शोक संवेदनाओं को मैं उनके परिवारजनों तक पहुंचा दूंगा । हम सब इन आत्माओं की शान्ति के लिए खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण करें ।

(सभी सदस्य दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए दो मिनट मौन खड़े हुए ।)

श्री अध्यक्ष–

कृपया स्थान ग्रहण करें । अब हम उठते हैं 22 सितम्बर, 1998 को 11 बजे पुनः मिलेंगे ।

(इसके बाद सदन 12 बजकर 32 मिनट पर मंगलवार दिनांक 22 सितम्बर, 1998 को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया ।)

लखनऊ :
18 सितम्बर, 1998

प्रेम चन्द्र सक्सेना,
सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश ।

पी०एस०यू०पी०–एल० 286 विधान सभा (423)–1998–8 (डीटी०पी०) ।